PLUTUS IAS
CURRENT AFFAIRS
Argasia Education PVT. Ltd. (GST NO.-09AAPCAI478E1ZH)
Address: Basement C59 Noida, opposite to Priyagold Building gate, Sector 02, Pocket I, Noida, Uttar Pradesh, 201301, CONTACT NO:-8448440231

**Date –22 Aug 2024**

# भारत में वन नेशन, वन लोकेशन पहल

*( यह लेख यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र – 2 के अंतर्गत ‘ शासन एवं राजव्यवस्था , समावेशी विकास, वन नेशन, वन लोकेशन पहल , सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप ’ खंड से और यूपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा के अंतर्गत ‘ सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय , राष्ट्रीय राजमार्ग , भारतमाला परियोजना , वन-स्टॉप समाधान , राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन ’ खंड से संबंधित है। )*

***खबरों में क्यों ?***




- *हाल ही में सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) ने भारत में वन नेशन, वन लोकेशन पहल के तहत सड़क, रेलवे, वायुमार्ग, जलमार्ग और रज्जुमार्ग/रोपवे सहित सभी परिवहन प्रणालियों को एकल हब व टर्मिनल में एकीकृत करने की घोषणा की है।*
- *भारत के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस पहल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न परिवहन साधनों के बीच समन्वय स्थापित करना और यात्री सुविधा को सरल एवं बेहतर बनाना है।*

## वन नेशन, वन लोकेशन से संबंधित प्रमुख बिंदु :

### वन नेशन, वन लोकेशन योजना के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं –

- **विभिन्न परिवहन साधनों के बीच सुगम स्थानांतरण की सुविधा प्राप्त होना :** इस योजना के तहत विभिन्न परिवहन साधनों के बीच सुगम स्थानांतरण की सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में आसानी होगी।
- **वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करना :** यह योजना विभिन्न परिवहन साधनों को जोड़ने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करेगी। इसका उद्देश्य देश में सड़कों के माध्यम से आवागमन करने वाले 87% यात्री यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करना है।
- **पायलट हब विकसित करना :** राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन (NHLM), जो कि NHAI की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, के द्वारा कटरा और तिरुपति में दो पायलट हब विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा, वाराणसी और नागपुर में भी दो अन्य हब विकसित किए जाएंगे।
- **शहरी भीड़भाड़ में कमी आना :** इस पहल से भारतीय शहरों के शहरी भीड़भाड़ में कमी होगी और शहरी केंद्रों के निर्माण के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों में सुधार होगा।
- **राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन (NHLM) की भूमिका :** राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन (NHLM) परिवहन लॉजिस्टिक्स बुनियादी अवसरंचना और परिसंपत्ति मुद्रीकरण में सुधार लाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहलों का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है। अतः इस योजना का उद्देश्य यात्री सुविधाओं को सरल और बेहतर बनाना है, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो सके।

## राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) :

- राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) भारत की प्रमुख सड़कें हैं, जो यात्रियों और माल की अंतर-राज्यीय आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- ये सड़कें देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती हैं, जिससे भारत में एक व्यापक और सुसंगठित सड़क नेटवर्क बनता है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग प्रमुख बंदरगाहों, रेल जंक्शनों, राज्य और राष्ट्रीय राजधानियों, सीमा पार और अंतरराष्ट्रीय सड़कों से जुड़ते हैं।
- राष्ट्रीय राजमार्ग न केवल देश के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं।
- हालांकि राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई सभी सड़कों का केवल 1.7% है, लेकिन ये लगभग 40% सड़क यातायात का वहन करती हैं। इसमें एक्सप्रेस-वे भी शामिल हैं, जो तेज और सुगम यात्रा के लिए बनाए गए हैं।
- राष्ट्रीय राजमार्गों का यह नेटवर्क देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह विभिन्न क्षेत्रों के बीच व्यापार और यातायात को सुगम बनाता है।

## भारतमाला परियोजना :

- भारतमाला परियोजना की शुरुआत 2015 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत एक व्यापक कार्यक्रम है।
- इस योजना का उद्देश्य लगभग 7 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 83,677 किलोमीटर राजमार्ग और सड़कें बनाना है।

PLUTUS IAS

- *भारतमाला परियोजना के पहले चरण में 5.35 लाख करोड़ रुपए की लागत से 34,800 किलोमीटर राजमार्ग बनाने की योजना है।*
- *यह सीमा एवं अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी सड़कों, तटीय और बंदरगाह कनेक्टिविटी सड़कों के विकास, राष्ट्रीय गलियारों, आर्थिक गलियारों तथा अन्य की दक्षता में सुधार जैसी नई पहलों पर केंद्रित है।*

**वन नेशन, वन लोकेशन का महत्व :**

- *वन नेशन, वन लोकेशन की पहल न केवल यात्री सुविधा में सुधार लाती है, बल्कि आर्थिक विकास और पर्यावरणीय लाभ भी प्रदान करती है।* **जो निम्नलिखित है –**

**यात्री सुविधा में सुधार होना :**

- *इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुविधा में सुधार करना है। जब सभी परिवहन साधन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, तो यात्रियों को एक साधन से दूसरे साधन में स्थानांतरित होने में आसानी होगी। इससे समय की बचत होगी और यात्रा का अनुभव अधिक सुखद बनेगा। उदाहरण के लिए, यदि रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और मेट्रो स्टेशन एक ही स्थान पर हों, तो यात्रियों को अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे यात्रियों को कम समय में अधिक दूरी तय करने की सुविधा मिलेगी।*

**रोजगार के नए अवसर पैदा होना और आर्थिक विकास में वृद्धि होना :**

- *शहरी केंद्रों के निर्माण और बेहतर परिवहन सुविधाओं से आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। जब एक ही स्थान पर विभिन्न परिवहन साधन उपलब्ध होंगे, तो व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, बेहतर परिवहन सुविधाओं से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक लाभ होंगे। यह पहल विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है जहां आर्थिक विकास की संभावनाएं अधिक हैं, लेकिन परिवहन सुविधाओं की कमी है।*

**प्रदूषण में कमी और पर्यावरणीय लाभ प्राप्त होना :**

- *शहरी भीड़भाड़ कम होने से प्रदूषण में कमी आएगी और पर्यावरणीय लाभ होंगे। जब यात्री एक ही स्थान पर विभिन्न परिवहन साधनों का उपयोग कर सकेंगे, तो निजी वाहनों की आवश्यकता कम होगी। इससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी। इसके परिणामस्वरूप, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी, जिससे पर्यावरण को लाभ होगा। इसके अलावा, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने से ऊर्जा की बचत भी होगी।*

**सामाजिक समावेश को बढ़ावा मिलना :**

- *इस पहल से सामाजिक समावेश को भी बढ़ावा मिलेगा। जब सभी परिवहन साधन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, तो समाज के सभी वर्गों के लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। इससे समाज में समानता और समरसता बढ़ेगी। विशेष रूप से, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोग भी बेहतर परिवहन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में भी सुधार होगा।*

PLUTUS IAS

- इस प्रकार, **वन नेशन, वन लोकेशन** की पहल यात्री सुविधा, आर्थिक विकास, पर्यावरणीय लाभ और सामाजिक समावेश के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**आगे की राह :**




**भारत में वन नेशन, वन लोकेशन (One Nation, One Location) पहल को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए निम्नलिखित उपायों को अपनाया जा सकता है –**

1. **पायलट प्रोजेक्ट्स को सफल बनाना :** कटरा और तिरुपति में दो पायलट हब विकसित किए जाएंगे, साथ ही वाराणसी और नागपुर में भी दो अन्य हब विकसित किए जाएंगे। इन पायलट प्रोजेक्ट्स के सफल होने पर, इसे देशभर में लागू किया जा सकता है।
2. **लॉजिस्टिक्स के बुनियादी ढांचे में सुधार करना :** राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन (NHLM) के माध्यम से परिवहन लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे और परिसंपत्ति मुद्रीकरण में सुधार लाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहलें की जाएंगी।
3. **स्पष्ट नीति और योजना का निर्माण करना :** सरकार को इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट नीति और योजना बनानी होगी, जिसमें विभिन्न हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
4. **परिवहन प्रणाली में उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करना :** स्मार्ट तकनीकों का उपयोग करके परिवहन प्रणाली को और अधिक कुशल और प्रभावी बनाया जा सकता है।
5. **सामाजिक और आर्थिक लाभ :** इस पहल से शहरी भीड़भाड़ में कमी आएगी , जिससे यातायात की समस्या का समाधान होगा और आर्थिक गतिविधियों में सुधार होगा। इसके अलावा , भारत के वर्तमान परिवहन प्रणाली में उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विभिन्न परिवहन साधनों के एकीकरण से ईंधन की खपत में कमी आएगी , जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा।

**निष्कर्ष :**

- वन नेशन, वन लोकेशन (One Nation, One Location) पहल का उद्देश्य भारत में विभिन्न परिवहन प्रणालियों को एकीकृत करना है। यह योजना भारत में परिवहन प्रणाली को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना यात्री सुविधा में सुधार, शहरी भीड़भाड़ में कमी, परिवहन लागत में कमी और पर्यावरणीय लाभ प्रदान

कर सकती है। हालांकि, इसके सफल कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट रूप से नीति का निर्माण करना , योजना की रूप रेखा तैयार करना और भारत की वर्तमान परिवहन प्रणाली में उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यमों का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है।

**स्त्रोत – इंडियन एक्सप्रेस एवं संसद टी. वी।**

**प्रारंभिक परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :**

---

**Q.1. भारत में वन नेशन, वन लोकेशन पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

1. यह भारत में विभिन्न परिवहन साधनों को जोड़ने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करेगी।
2. इस पहल का उद्देश्य भारत में विभिन्न परिवहन प्रणालियों को एकीकृत करना है।
3. इसे राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन कंपनी के द्वारा विकसित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा कथन सही है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. उपरोक्त तीनों।
D. इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर – C**

**मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यास प्रश्न :**

---

**Q.1. हाल ही में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत में वन नेशन, वन लोकेशन पहल की घोषणा की है। क्या आपको लगता है कि इस पहल से भारत को अपनी लॉजिस्टिक लागत कम करने और भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी? अपना तर्क प्रस्तुत करें। ( शब्द सीमा – 250 अंक – 15 )**

Dr. Akhilesh Kumar Shrivastava


उद्यम बैच
प्रयास से परिणाम तक
हिन्दी माध्यम
इतिहास वैकल्पिक
PLUTUS IAS
UPSC/ PCS
PLUTUS IAS WHATSAPP CHANNEL
28th अगस्त 08:00 AM
2nd Floor, Apsara Arcade, Karol Bagh Metro Station
Gate No. – 6, New Delhi 110005
OUR CENTERS Delhi I Chandigarh I Shimla I Bilaspur
info@plutusias.com 8448440231 www.plutusias.com
BY GOVIND DASS
UPPCS(Allied) Mains 2019,UPSSSC Qualified 2019
(9+ Years of Teaching Experience)